देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित www.page3news.in नगर संस्करण वर्ष 16 अंक: 127 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार-प्रवाह...**मुफ्त में टीके लगवाने का इंतजाम




# पेज थ्री

देहरादून, बुधवार, 18 अगस्त 2021




मौसम अधिकतम 30.0° न्यूनतम 24.0°

38243.39

2 तालिबान के कब्जे के बाद हालात खराब

7 विराट कोहली का अपना स्टाइल

# निशुल्क जांच योजना से आमजन को मिलेगा लाभ

## जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचेः मुख्यमंत्री

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि इस निःशुल्क जांच योजना का लाभ समाज के अन्तिम छोर पर खड़े लोगों तक पहुंचेगा। अभी तक धन के अभाव में जो लोग अपनी जांच नहीं करा पाते थे, अब उन्हें कोई परेशानी नहीं होगी। राज्य सरकार का प्रयास है कि जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले सात सालों में केन्द्र सरकार से उत्तराखण्ड को हर क्षेत्र में मदद मिली है। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का एजेण्डा रहा है। इस माह केन्द्र से राज्य को काविड की 17 लाख वैक्सीन मिली। अगले माह से और अधिक वैक्सीन केन्द्र से मिलेंगी।



### दिसम्बर तक शत प्रतिशत कोविड वैक्सीनेशन

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं की मजबूती पर राज्य सरकार का विशेष ध्यान है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में तेजी से सुधार हुआ है। राज्य में 72 प्रतिशत लोगों को कोविड वैक्सीन की पहली डोज लग चुकी है, जबकि 23 प्रतिशत लोगों को दूसरी डोज लग चुकी है। दिसम्बर तक राज्य में शत प्रतिशत कोविड टीकाकरण किया जायेगा।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि राज्य में निःशुल्क जांच योजना की अच्छी शुरूआत हुई। इस योजना का लाभ सभी को मिलेगा। इस योजना के प्रसार के लिए हर जिले में बड़े आयोजन किये जायेंगे। अटल उत्तराखण्ड आयुष्मान योजना के तहत सभी परिवारों को 05 लाख रूपये तक का निःशुल्क उपचार दिया जा रहा है। इसस योजना के तहत अभी तक 03 लाख 17 हजार से अधिक लोगों का मुफ्त ईलाज हो चुका है।

पहले चरण में 6 जिलों की 38 और दूसरे चरण में शेष जिलों की 32 चिकित्सा इकाइयों पर चरणबद्ध तरीके से लागू की जा रही योजनाः योजना के प्रथम चरण में निःशुल्क जांच की सुविधा राज्य के 06 जनपदों क्रमशः अल्मोड़ा, टिहरी, देहरादून, नैनीताल, हरिद्वार एवं ऊधमसिंहनगर में स्थित 38 जिला उप जिला चिकित्सालय तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर चरणबद्ध तरीके से लागू की जा रही है। द्वितीय चरण में राज्य के शेष जनपदों के 32 चिकित्सा इकाईयों पर यह सुविधा चरणबद्ध तरीके से लागू होगीं।

### मरीजों को जांच संबंधित सुविधाएं निःशुल्क 24/7 उपलब्ध रहेंगी

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के सहयोग से राज्य के प्रमुख जिला/उप जिला चिकित्सालयों तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र स्तर पर चरणबद्ध तरीके से निःशुल्क जांच योजना आज से लागू हो गयी है। इस योजना के लागू होने से मरीजों को उपचार के दौरान डायग्नोस्टिक एवं जांच संबंधित सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध होगी। यह योजना पूरे वर्ष भर 24/7 कार्यशील रहेगी, ताकि आई०पी०डी० ओ०पी०डी० एवं इमरजेन्सी में आने वाले मरीजों को पैथोलॉजी जांच के लिए किसी प्रकार की असुविधा उत्पन्न न हो।

## संक्षिप्त समाचार

### कोरोना की रफ्तार हुई धीमी, एक्टिव केस में भी रिकॉर्ड कमी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा मंगलवार सुबह जारी देश भर के कोरोना संक्रमण डाटा में अच्छे संकेत हैं। इसके अनुसार नए मामलों व सक्रिय मामलों के आंकड़ों में कमी दर्ज हुई है। एक दिन में भारत में 25,166 नए संक्रमितों की पहचान की गई जो 154 दिनों की अवधि में सबसे कम है और इस दौरान 437 नए संक्रमितों की मौत दर्ज की गई है। वहीं सक्रिय मामले भी कम होकर 3,69,846 हो गए हैं।

### आतंकियों ने कुलगाम में की भाजपा कार्यकर्ता की हत्या

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** जम्मू। आतंकवादियों ने दक्षिण कश्मीर के गुलगाम जिला में भाजपा कार्यकर्ता पर फायरिंग कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। अस्पताल में गंभीर अवस्था में उपचाराधीन भाजपा नेता ने कुछ समय बाद ही दम तोड़ दिया। भाजपा नेता की पहचान जावेद अहमद डार के रूप में हुई है।

# कर्नल कोठियाल होंगे मुख्यमंत्री पद के दावेदार

## देवभूमि उत्तराखंड में अरविंद केजरीवाल का एलान

**संवाददाता**

देहरादून। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने घोषणा की है कि उत्तराखंड में कर्नल(सेवानिवृत्त) अजय कोठियाल सीएम पद के दावेदार होंगे। इस दौरान उन्होंने कोठियाल की उपलब्धियों के बारे में भी बात की।

केजरीवाल ने कोठियाल को भोले का फौजी भी बताया और कहा कि उन्होंने आपदा के बाद केदारनाथ पुनर्निर्माण के कार्यों बखूबी अंजाम दिया। केदारनाथ त्रासदी के बाद पुनर्निर्माण कार्यों में कर्नल कोठियाल के योगदान की सराहना करते हुए केजरीवाल ने कहा कि अब इन्होंने उत्तराखंड के नवनिर्माण का बीड़ा उठाया है। उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड में बहुत सारे हिंदु देवी-देवताओं के वास के कारण यहां देशकृविदेश से श्रद्धालु आते हैं। उन्होंने कहा, कर्नल कोठियाल साथ मिलकर उत्तराखंड को पूरी दुनिया के हिंदुओं के लिए आध्यात्मिक राजधानी बनाया जाएगा। केदारनाथ पुनर्निर्माण कार्यों में योगदान के लिए कर्नल कोठियाल को लोग भोले का फौजी भी कहते हैं। जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आ रहे हैं वैसे ही राजनीतिक दल अपनी तैयारियों को धार देने में जुट गए हैं। आम आदमी पार्टी भी उत्तराखंड में पैठ बनाने की जुगत में लगी हुई है। यही वजह है कि सीएम अरविंद केजरीवाल बार-बार उत्तराखंड का दौरा कर रहे हैं। आज केजरीवाल सुबह दून पहुंचे, जिसके बाद उन्होंने कार्यकर्ताओं से मुलाकात की।

इसके बाद उन्होंने अजय कोठियाल को सीएम पद का दावेदार घोषित किया। साथ ही उत्तराखंड को आध्यात्मिक राजधानी बनाने की घोषणा भी की। इससे पहले किए अपने दौरे में सीएम केजरीवाल मुफ्त बिजली की भी घोषणा कर चुके हैं। इसके साथ ही केजरीवाल ने दून में रोड शो कर शक्ति प्रदर्शन भी किया।

### तीन सौ यूनिट मुफ्त बिजली का दाव चल चुके केजरावाल

विधानसभा चुनाव से ठीक पहले अपने पिछले उत्तराखंड दौरे पर अरविंद केजरीवाल मुफ्त बिजली का दाव चल चुके हैं। उन्होंने उत्तराखंड में आप की सरकार बनने पर हर परिवार को 300 यूनिट मुफ्त बिजली का वादा किया। उन्होंने कहा कि बिजली के पुराने बिल माफ किए जाएंगे, किसानों को मुफ्त बिजली दी जाएगी और चौबीसों घंटे बिजली आपूर्ति होगी।

# पेगासस मामलाः केंद्र को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को पेगासस मामले में जांच की मांग करने वाली याचिकाओं पर सुनवाई की गई। कोर्ट ने केंद्र सरकार को नोटिस जारी कर जवाब की मांग की है। इसके लिए 10 दिन का समय भी दिया गया है। अब मामले में 10 दिन बाद फिर से सुनवाई की जाएगी। सुनवाई के दौरान सालिसीटर जनरल तुषार मेहता ने कहा, भारत सरकार कमिटी को हर बात बताएगी। हलफनामे में यह सब नहीं बताया जा सकता। कमिटी कोर्ट को रिपोर्ट देगी। मामले की सुनवाई कर रहे चीफ जस्टिस एनवी रमना ने कहा, हम राष्ट्रीय सुरक्षा से कोई समझौता नहीं चाहते हैं। संवेदनशील बातें नहीं पूछ रहे हैं।

पेगासस जासूसी कांड की जांच मांगने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को जारी किया नोटिस। कोर्ट ने सरकार को जवाब देने के लिए दिया 10 दिन का वक्त। मामले में 10 दिन बाद फिर सुनवाई होगी। भारत के चीफ जस्टिस एनवी रमना और जस्टिस सूर्यकांत और अनिरुद्ध बोस की बेंच ने मामले की सुनवाई की। कोर्ट ने कहा, मामले को 10 दिनों के बाद सूचीबद्ध किया जाएगा। केंद्र सरकार ने कोर्ट से कहा कि वह विशेषज्ञ समिति को पेगासस के बारे में विवरण देने को तैयार है, लेकिन इसे कोर्ट के समक्ष सार्वजनिक नहीं करेगी क्योंकि इससे राष्ट्रीय सुरक्षा पर प्रभाव पड़ सकता है।

सुप्रीम कोर्ट ने आज मामले में केंद्र को नोटिस जारी किया साथ ही यह स्पष्ट कर दिया कि यह ऐसी किसी बात का खुलासा नहीं चाहता जिसमें देश की सुरक्षा पर खतरा हो। सालिसीटर जनरल ने बताया कि मामले में जांच के लिए सरकार विशेषज्ञों की एक कमिटी का गठन करने जा रही है।

### सुनवाई

■अब मामले में 10 दिन बाद फिर से सुनवाई की जाएगी


**Are you Planning to make a Website or already have ?**

*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**

All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**

1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**

A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:

**Gadoli Media Ventures**

Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930

E-Mail: contact@gadoli.in


# तालिबान का बदला चेहरा या कोई एजेंडा!

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। अफगानिस्तान पर तालिबान ने पूरी तरह कब्जा जमा लिया है। तालिबान की ओर से अगला कदम क्या होगा, क्या उसका रवैया इस बार कुछ बदला होगा सबकी नजर इस पर है। हालांकि अब तक जो तस्वीर सामने उभर कर आई है उसमें तालिबान के रुख में बदलाव के कुछ संकेत तो जरूर मिल रहे हैं। विदेशी मीडिया से भी बातचीत में अब तक तालिबान का यही स्टैंड दिख रहा है। तालिबान के लड़ाके जब काबुल में राष्ट्रपति भवन में घुसे तो उनकी ओर से यह कहा गया कि वो सत्ता हस्तांतरण के लिए आए हैं न कि कब्जा जमाने के लिए। वो काबुल को रौंदने नहीं शासन करने आए हैं। साथ ही तालिबान ने ऐलान किया कि उसके राज में महिलाओं के अधिकारों की रक्षा की जाएगी। महिलाएं घर से निकल सकेंगी और उन्हें काम करने की भी इजाजत होगी। तालिबान दुनिया की नजर में अपनी एक अलग इमेज बनाने में भी जुटा है। वो सभी देशों से बात करने में उत्सुक दिख रहा है। भारत से भी वह अधूरे प्रोजेक्ट पूरे करने की बात कर रहा है।

### महिलाओं के अधिकारों की रक्षा की जाएगीः तालिबान